INTERMEDIATE EXAM
PAPER-5
AUDITING & ETHICS

# BZY2(H)

3 1 JAN 2026

Roll No. ………………………..

Total No. of Questions – 6

Total No. of Printed Pages – 16

Maximum Marks – 70

## GENERAL INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

1. The question paper comprises two parts, Part I and Part II.
2. Part I comprises Multiple Choice Questions (MCQs).
3. Part II comprises questions which require descriptive answers.
4. Ensure that you receive the question paper relating to both the parts. If you have not received both, bring it to the notice of the invigilator.
5. Answers to MCQs in Part I are to be marked on the OMR answer sheet as given on the cover page of descriptive answer book only. Answers to questions in Part II are to be written in the same descriptive answer book. Answers to MCQs, if written inside the descriptive answer book will not be evaluated.
6. OMR answer sheet given on the cover page of descriptive answer book will be in English only for all candidates, including for Hindi medium candidates.
7. **The bar coded sticker provided in the attendance register, is to be affixed only on the descriptive answer book.**
8. You will be allowed to leave the examination hall only after the conclusion of the exam. If you have completed the paper before time, remain in your seat till the conclusion of the exam.
9. Duration of the examination is 3 hours. You will be required to submit the descriptive answer book with OMR cover page to the invigilator before leaving the exam hall, after the conclusion of the exam.
10. The invigilator will give you acknowledgement on Page 2 of the admit card, upon receipt of the descriptive answer book.
11. Candidate found copying or receiving or giving any help or defying instructions of the invigilators or having / using mobile phone or smart watch or any other electronic gadget will be expelled from the examination and will also be liable for further punitive action.

## PART – II

**70 Marks**

1. Question paper comprises **6** questions. Answer Question No. **1** which is compulsory and any **4** out of the remaining **5** questions.
2. Working notes should form part of the answer.
3. Answers to the questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi Medium, his/her answers in Hindi will not be evaluated.

**PART – II**

1. (a) M/s RS & Co. has been appointed as the statutory auditor of Blue Sky Ltd., a listed company, for the financial year 2024-25. CA R is the engagement partner for this assignment. During the audit, the firm decided that an Engagement Quality Control Review (EQCR) is required for Blue Sky Ltd.. 5

CA T appointed as the engagement quality control reviewer raised concerns regarding the adequacy of documentation for related party transactions and inventory valuation.

However, the management is pressuring CA R to issue the auditor's report before the board meeting, even though the EQCR process is not yet complete. There is also a disagreement between CA R and CA T regarding the extent of further audit procedures.

As per SA 220, "Quality Control for an Audit of Financial Statements," discuss the responsibilities of CA R as the engagement partner in relation to overall direction and review of the audit and the specific responsibilities relating the EQCR.

(b) Mr. Praveen, an articled clerk, wants to know the applicable Engagement Standards in the following situations :

(i) An assignment to assist the management of Healthy Foods Ltd. with the preparation and presentation of historical financial information, without obtaining assurance on that information. 1

(ii) An assignment to examine the prospective financial information of Digital Future Ltd. 1

Further, explain to Mr. Praveen the difference between reasonable assurance engagements and limited assurance engagements. 3

(c) CA Z, the auditor of Prime Tech Industries Ltd., is conducting the audit for the financial year 2024-25. While reviewing contingent liabilities, he identifies significant litigations and legal claims that may materially affect the financial statements. The management's explanation regarding the progress and possible outcomes of these cases are inadequate and unconvincing. Anticipating that the company's external legal counsel may not respond to a general letter of enquiry. CA Z decides to seek direct communication through a letter of specific inquiry requesting the legal counsel to provide information to the auditor.

You are required to state the matters to be included in such a letter of specific enquiry as per SA 501. **3**

Further, explain the auditor's responsibility if the management refuses to permit communication or meeting with the entity's external legal counsel. **1**

2\. (a) You are the Chief Financial Officer (CFO) of Fortune Hotels Ltd., a company operating in the hospitality sector with multiple hotels across India. The company has recently completed its accounting and financial reporting for the financial year 2024-25, which includes preparation of the balance sheet, profit and loss account, and notes to accounts. As a Key Managerial Personnel (KMP), you are required to provide a written representation letter to the statutory auditors. **5**

Illustrate the matters you would include in the Written Representation letter (in accordance with SA 580 "Written Representations") relating to the Financial Statements.

(b) MNO & Co, Chartered Accountants, have been auditing Spark Industries Ltd. for the past five years. Recently, there has been a change in the company's ownership and the new management has shown reluctance in providing complete accounting records and other relevant information for verification. The audit team has faced difficulty in obtaining audit evidence and is unsure whether to continue the audit engagement for the next financial year. **5**

As an engagement partner, explain the procedures that MNO & Co. should perform before deciding on the continuance of the client relationship and the audit engagement as part of preliminary engagement activities.

(c) During the audit of Alpha Components Ltd., the management informs the auditor that the company has implemented a sophisticated ERP system that tracks all movements of raw materials and finished goods in real time. Based on this system, they have stopped conducting any physical verification of inventories, claiming that the system itself ensures accuracy and control over stock levels. **4**

As the auditor, explain reporting requirement under CARO, 2020.

3. (a) During the audit of STU Ltd., the auditor concludes that the financial statement is true and fair, requiring no modification. However, the notes to accounts disclose that a major fire occurred shortly after year end causing significant effect on entity's financial position. The disclosure is complete and no adjustment is needed, but the auditor believes that user should be specifically alerted to this important matter in his audit report.

Identify the type of paragraph the auditor should include in audit report in this situation. **1**

Explain its meaning and state other circumstances in which such a paragraph may be necessary. **4**

(b) Mr. Uttam, an articled clerk at RQP & Associates, is auditing AB Pharma Ltd. and has collected various papers and documents during the course of the audit. However, he is unsure about which of these papers and documents should be maintained as part of audit documentation and which should not be included. Later, AB Pharma Ltd. has also requested certain audit documentation from RQP & Associates. Advise him –

Which items need not to be included in the audit documentation ? **3**

Whether RQP & Associates is obliged to provide their audit documentation to the client ? **2**

(c) You are the statutory auditor of Tec Fab Industries Ltd., a company that has recently shifted from manual accounting system to a fully automated ERP system. The management informs you that all accounting records, vouchers and reports are now generated electronically, and manual books are no longer maintained. **4**

As the auditor, explain how you would understand and evaluate the company's automated environment for planning and performing the audit effectively ?

4. (a) During the audit of Zenith Appliances Ltd. for the year ended 31st March 2025, you observe that expenditure on purchase of machinery parts that enhance the useful life of the machine has been charged to repairs and maintenance in the Profit and Loss Account.

As the statutory auditor, explain whether the above situation constitute misstatements in the financial statements. **1**

Explain the meaning of Misstatement along with other examples (Any 3) that may arise in financial statements. **4**

(b) The accounts team of Infant Garments Private Ltd., while ascertaining the cost of Property, Plant and Equipment (PPE), included various expenses such as : **5**

- Cost of testing a machine : ₹ 1,80,000
- Cost of inauguration of the new machine : ₹ 1,00,000

As a Senior auditor, guide the team regarding the recognition criteria of PPE and the elements of costs to be included at the time of recognition.

(c) Ms. Shalini, an articled clerk in Namrata & Co. LLP, has the following questions while going through SQC-1. Guide her on the following :

(i) Can the firm have a mechanism to ensure compliance with independence requirements ? **2**

(ii) Is engagement quality review mandatory for all engagements ? **1**

(iii) Can the firm obtain from Ms. Shalini a written confirmation of compliance with the firm's policies and procedures on independence ? **1**

5. (a) You are the auditor of LMN Ltd. The company's financial statements for the year ended 31st March, 2025, along with your audit report, were issued on 30th June, 2025. Two months after the issue of auditor's report, you become aware of a fact that existed as on the date of your audit report but was not known to you at that time. Had this fact been known earlier, it would have required a modification of your audit opinion. **5**

Give the Overview of the Auditor's responsibilities in the given facts and situation in line with SA 560 "Subsequent Events".

(b) XYZ Sewa Foundation a registered NGO receives income from various sources such as foreign grants, membership fees, subscription etc. As the audit assistant you are assigned to verify the receipt of income of the NGO for the year. **5**

You are required to describe the audit procedures you would perform to verify the receipt of income of an NGO.

(c) Mr. Nikhil is the engagement partner for Amazing Ltd., an e-commerce company, for the financial year 2024-25.

(i) Mr. Nikhil plans to hold a discussion with the senior members of the audit team regarding the current assignment. However, Mr. Hardik, a newly joined article clerk, is surprised at the need for the engagement partner to discuss the audit plan with other team members. He questions why such discussions are necessary ? **2**

(ii) Later, Mr. Hardik learns that Ms. Poornima, the audit manager, intends to discuss certain elements of the audit planning with the management of Amazing Ltd. He believes this is unnecessary, as sharing the audit plan with the client would remove the "surprise element" of audit procedures. **2**

Guide Mr. Hardik in relation to the above scenarios.

6. (a) CA Mini was appointed as the statutory branch auditor of DFC Bank ltd., for the financial year 2024-25. While verifying advances, she observed the following cases :

(i) A term loan to JT Mills Ltd. with an outstanding balance of ₹ 140 lakh and security valued at ₹ 80 lakh was classified by the branch as Doubtful-Category D1 (doubtful upto 1 year) with a provision of ₹ 70 lakh created. **3**

(ii) A Loan to Z Pvt. Ltd. with an outstanding balance of ₹ 65 lakh and realizable security value of ₹ 6 lakh (as per approved valuer) was classified by the branch as a Doubtful Asset and provision for doubtful debts was made accordingly. **2**

You are required to examine whether the asset classification and provisioning made by the branch in both cases are in accordance with the RBI Prudential Norms on Income Recognition, Asset Classification and Provisioning. 5

(b) Yamika, an articled clerk, is conducting the audit of Durable Bags Ltd. During the course of the audit, she intends to use the work of the company's internal auditor as per SA 610 "using the work of internal auditor". State the circumstances under which Yamika shall plan to use less of the work of the internal audit function and instead perform more of the audit work directly. 4

(c) In Audit against Rules & Orders of government expenditure audit, the executive government frames various rules, regulations and orders that are to be observed by sub-ordinate authorities. It is the function of audit to see that these rules, regulations and orders are applied properly by the sub-ordinate authorities.

State the important points that an auditor must ensure while carrying out the examination of various rules, regulation and orders issued by the executive authorities.

**OR**

(c) Sapphire Stones Ltd. has trade payables and other current liabilities of ₹ 210 crores and ₹ 58 crores respectively at the end of the financial year 2024-25. Mr. Amit, the auditor of the company, wants to ensure that trade payables and other current liabilities reported in the balance sheet have been valued appropriately. State the audit procedures that Mr. Amit should perform to ensure that trade payables and other current liabilities are valued properly. 4

---

भाग – II

(Hindi Version)

1. (a) M/s RS & Co. वर्ष 2024-25 के लिये, Blue Sky Ltd., जो कि एक सूचीबद्ध कंपनी है, के वैधानिक लेखा परीक्षक नियुक्त हुए हैं । CA R इस कार्य के लिये संबद्धता साझेदार हैं । लेखा परीक्षा के दौरान फर्म ने यह तय किया कि Blue Sky Ltd., के लिये एक संबद्धता गुणवत्ता नियंत्रण समीक्षा (EQCR) आवश्यक है । 5

CA T जो कि संबद्धता और गुणवत्ता नियंत्रक नियुक्त किये गये हैं, ने संबंधित पक्ष लेनदेन और इवेंट्री मूल्यांकन के दस्तावेज़ीकरण की उपयुक्तता पर कुछ चिंता व्यक्त की । प्रबंधन CA R पर बोर्ड मीटिंग के पूर्व ही लेखा परीक्षक की रिपोर्ट जारी करने के लिये दबाव डाल रहा है जबकि संबद्धता और गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रिया अभी पूर्ण नहीं हुई है । CA R और CA T के मध्य अतिरिक्त लेखा प्रक्रियाओं की सीमाओं को लेकर असहमति भी है ।

SA 220 "वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिये गुणवत्ता नियंत्रण" के अनुसार संबद्धता साझेदार के रूप में CA R की ऑडिट संबंधी पूर्ण निर्देशन, पर्यवेक्षण एवं समीक्षा संबंधी जिम्मेदारियाँ और एक EQCR के रूप में विशिष्ट जिम्मेदारियों को समझाएँ ।

(b) श्री प्रवीण जो कि एक आर्टिकल क्लर्क हैं, निम्न परिस्थितियों में लागू संबद्धता मानकों के बारे में जानना चाहते हैं :

(i) Healthy Foods Ltd. के प्रबंधन के लिये ऐतिहासिक वित्तीय जानकारी बनाने और प्रस्तुतीकरण में उस पर बिना आश्वासन प्राप्त किये सहायता करने का कार्य 1

(ii) Digital Future Ltd. की संभावित वित्तीय जानकारी को छानबीन या निरीक्षण करने का कार्य 1

इसके अतिरिक्त Mr. Praveen को उचित आश्वासन संबद्धता और सीमित आश्वासन संबद्धता में अंतर समझाइए । 3

(c) CA Z, जो कि Prime Tech Industries Ltd., के लेखा परीक्षक हैं, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये लेखा परीक्षा कर रहे हैं । आकस्मिक दायित्वों की समीक्षा करते समय उन्होंने कुछ महत्त्वपूर्ण कानूनी विवादों और कानूनी दावों की पहचान की जो कि वित्तीय पत्रकों को वस्तुगत रूप से प्रभावित कर सकते हैं । इन प्रकरणों की प्रगति और संभावित परिणामों के बारे में प्रबंधन के द्वारा दिये गये विवरण अपर्याप्त व आश्वस्ति जनक नहीं हैं । यह मानते हुए कि कंपनी का बाहरी कानूनी परामर्शदाता एक सामान्य पूछताछ पत्र का प्रत्युत्तर नहीं देगा, CA Z ने तय किया कि वह कानूनी परामर्शदाता को सीधे एक विशिष्ट जाँच पत्र भेजेंगे और लेखा-परीक्षक को जानकारी भेजने का निवेदन करेंगे ।

SA 501 के अनुसार इस प्रकार के विशिष्ट जाँच पत्र में कौन-कौन सी बातें शामिल की जाएंगी ? बताइये । 3

इसके अतिरिक्त यदि प्रबंधन बाहरी कानूनी परामर्शदाता से संपर्क या मुलाकात की अनुमति देने से मना करता है तो लेखा परीक्षक की जिम्मेदारियाँ बताइये । 1

5

2. (a) आप एक कंपनी Fortune Hotels Ltd., के मुख्य वित्तीय अधिकारी (CFO) हैं, जो कि पूरे इंडिया में कई होटल्स के साथ आतिथ्य सत्कार (Hospitality) के क्षेत्र में कार्य कर रही है । कंपनी ने अभी-अभी अपनी वित्तीय वर्ष 2024-25 की लेखांकन और वित्तीय रिपोर्टिंग जिसमें कंपनी का चिट्ठा, लाभ-हानि खाता और खातों पर टिप्पणियाँ शामिल हैं, पूर्ण की हैं । आपको एक मुख्य प्रबंधन कार्यकर्ता (KMP) के रूप में, वैधानिक लेखा-परीक्षक को लिखित अभ्यावेदन पत्र देना है ।

SA 580 के अनुसार वित्तीय पत्रकों से संबंधित कौन से विषय (matters) आप लिखित अभ्यावेदन पत्र में शामिल करेंगे, उदाहरण बताइये ।

(b) MNO & Co, चार्टर्ड एकाउण्टेंट्स, स्पार्क इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड का गत पाँच वर्षों से ऑडिट कर रहे हैं। हाल ही में कंपनी के मालिक बदल गये हैं और नये प्रबंधन ने पूरे एकाउंटिंग रिकॉर्ड और दूसरी महत्त्वपूर्ण जानकारी परीक्षण के लिये देने की अनिच्छा दर्शायी है। ऑडिट टीम को लेखा साक्ष्य प्राप्ति में मुश्किलों का सामना करना पड़ा और वह अगले वित्तीय वर्ष के लिए लेखा परीक्षण संबद्धता जारी रखने के बारे में अनिश्चित हैं। 5

एक संबद्धता साझेदार के रूप में, MNO & Co. द्वारा प्राथमिक संबद्धता कार्यों के भाग के रूप में की जाने वाली प्रक्रियाएँ बताइये जो कि ग्राहक संबंधों और लेखा-परीक्षा संबद्धता की निरंतरता निश्चित करने के पूर्व निष्पादित की जायेगी।

(c) Alpha Components Ltd., की लेखा-परीक्षा के दौरान, प्रबंधन ने लेखा परीक्षक को सूचित किया कि कंपनी ने एक परिष्कृत ERP व्यवस्था लागू की है जो कि कच्चे माल व तैयार माल के संचलन (movements) के वास्तविक समय (Real time) का लेखा जोखा (Track) रखती है। 4

इस व्यवस्था पर आधारित होकर उन्होंने इंवेंट्री का कोई भी भौतिक परीक्षण करना बंद कर दिया है और यह दावा किया है कि यह व्यवस्था खुद ही माल के स्तरों की विशुद्धता और नियंत्रण को सुनिश्चित करती है।

एक लेखा परीक्षक के रूप में CARO 2020 में रिपोर्टिंग की आवश्यकताएँ बताइए।

3. (a) STU Ltd., के लेखा परीक्षण के दौरान, लेखा परीक्षक ने यह निष्कर्ष निकाला कि वित्तीय पत्रक वास्तविक और निष्पक्ष है जिसमें किसी संशोधन की आवश्यकता नहीं है। हालांकि खातों पर दिये गये पत्रक वाक्यांश (notes to accounts) दर्शाते हैं कि वर्ष के अंत के तुरंत बाद एक बड़ी आग लगी थी जिसने कंपनी की वित्तीय स्थिति पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव डाला है। प्रकटीकरण पूर्ण है और किसी समायोजन की आवश्यकता नहीं हैं परंतु लेखा परीक्षक का यह विश्वास है कि उपयोगकर्ता को इस महत्त्वपूर्ण विषय पर अपनी ऑडिट रिपोर्ट द्वारा चेताया जाना चाहिये।

इस परिस्थिति में ऑडिटर द्वारा रिपोर्ट में सम्मिलित किये जाने वाले पैराग्राफ का प्रकार बताइये। 1

इसका अर्थ समझाइये और वह अन्य परिस्थितियाँ बताइये जब इस प्रकार का पैराग्राफ आवश्यक हो। 4

(b) Mr. Uttam, जो RQP & Associates में एक आर्टिकल क्लर्क हैं, AB फार्मा लिमिटेड की लेखा परीक्षा कर रहे हैं और उन्होंने इसके दौरान विभिन्न प्रकार के कागज़ व दस्तावेज़ एकत्रित किये हैं। हालांकि, वह इस बात को लेकर अनिश्चित हैं कि कौन से कागज और दस्तावेज़ उन्हें लेखा दस्तावेज़ीकरण के लिये संभालने और रखने चाहिये और कौन से उसमें शामिल नहीं करने चाहिये। बाद में AB Pharma Ltd. ने RQP & Associates से कुछ लेखा परीक्षा दस्तावेज़ देने की विनती भी की।

उन्हें सलाह दीजिये कि कौन सी मदें लेखा परीक्षण दस्तावेज़ीकरण में सम्मिलित करना आवश्यक नहीं है ? 3

क्या RQP & Associates अपने लेखा दस्तावेज़ क्लाइंट को देने के लिये बाध्य हैं ? 2

(c) Tec Fab Industries Ltd., एक कंपनी है जो कि अभी-अभी हस्तलिखित लेखा व्यवस्था से पूर्णत: स्वचालित ERP व्यवस्था में परिवर्तित हुई है। प्रबंधन ने आपको सूचित किया है कि सभी लेखा अभिलेख, वाउचर्स और रिपोर्ट्स अब कम्प्यूटर द्वारा (Electronically) बनायी जाती हैं और हस्तलिखित किताबें अब नहीं रखी जातीं। 4

एक लेखा परीक्षक के रूप में समझाइए कि आप कंपनी के स्वचालित वातावरण को कैसे समझेंगे व मूल्यांकित करेंगे ताकि योजना बना सकें और लेखा परीक्षण प्रभावपूर्ण हो।

4. (a) Zenith Appliances Ltd. के 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष के लेखा परीक्षण के दौरान आपने देखा कि मशीनरी के हिस्से जो कि उसके उपयोगी जीवन में वृद्धि करते हैं, खरीदने का खर्च, लाभ-हानि खाते में मरम्मत एवम् रखरखाव मद में डाल दिया गया है।

एक वैधानिक लेखा परीक्षक की तरह बताइये कि क्या उपरोक्त परिस्थिति वित्तीय पत्रकों में मिथ्याकथन का निर्माण करती है ? 1

वित्तीय पत्रकों में आने वाले मिथ्याकथनों के (कोई 3) उदाहरण देते हुए मिथ्याकथन का अर्थ भी समझाइए। 4

(b) Infant Garments Private Ltd., का लेखा दल जब संपत्ति, संयंत्र व उपकरण (PPE) की लागत सुनिश्चित कर रहा था तो उन्होंने विभिन्न खर्चे शामिल किये जैसे 5

- मशीन की जाँच की लागत : ₹ 1,80,000
- नये मशीन के उद्घाटन की लागत : ₹ 1,00,000

एक वरिष्ठ लेखा परीक्षक के रूप में PPE के मान्यता मानदंड और शामिल किए जाने वाले लागत के घटक के बारे में दल का मार्गदर्शन कीजिये ।

(c) Namrata & Co. LLP, की आर्टिकल क्लर्क Ms Shalini को SQC-1 के अध्ययन के समय निम्नलिखित विषय सामने आए । निम्न पर उनका मार्गदर्शन कीजिये :

(i) क्या फर्म के पास स्वतंत्रता की आवश्यकता की अनुपालना सुनिश्चित करने हेतु कोई क्रियाविधि (Mechanism) हो सकती है ? 2

(ii) क्या संबद्धता गुणवत्ता समीक्षा सभी संबद्धताओं के लिये अनिवार्य है ? 1

(iii) क्या Firm, Ms. Shalini से फर्म की पॉलिसी एवम् प्रक्रियाओं के अनुसार स्वतंत्रता की अनुपालना के लिए लिखित अनुमोदन ले सकती है ? 1

5. (a) आप LMN Ltd. के लेखा परीक्षक हैं । 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के वित्तीय पत्रक आपकी लेखा परीक्षा रिपोर्ट के साथ 30 June, 2025 को जारी किये गये । ऑडिट रिपोर्ट जारी करने के दो माह बाद आपको एक तथ्य का ज्ञान होता है जो वित्तीय पत्रक के दिनांक पर भी अस्तित्व में था पर उस समय आपको ज्ञात नहीं था । यदि यह तथ्य आपको पहले ज्ञात होता तो आपको अपनी लेखा–परीक्षा राय में संशोधन करना पड़ता । 5

दिये गये तथ्यों और दशा में SA 560 "अनुवर्ती घटनाओं" के अनुसार लेखा परीक्षक की ज़िम्मेदारियों का अवलोकन कीजिए ।

(b) XYZ सेवा फाउंडेशन एक पंजीकृत NGO है जो कि विभिन्न स्रोतों जैसे विदेशी अनुदान, सदस्यता शुल्क, चंदा आदि से आय प्राप्त करती है। एक लेखा-परीक्षा सहयोगी के रूप में आपको NGO की उस वर्ष की आय की जाँच करने का कार्य सौंपा जाता है। **5**

वह लेखा परीक्षण प्रक्रियाएँ समझाइए जो आपके द्वारा किसी NGO की आय की जाँच करने के लिये संपन्न की जाएगी।

(c) Mr. Nikhil, Amazing Ltd., जो कि एक e-व्यवसाय कंपनी है, के वर्ष 2024-25 के संबद्धता साझेदार हैं।

(i) Mr. Nikhil वर्तमान कार्यभार को लेकर लेखा-परीक्षा दल के वरिष्ठ सदस्यों से एक चर्चा की योजना बनाते हैं। Mr. Hardik, जो कि एक नये आये आर्टिकल क्लर्क हैं, संबद्धता साझेदार की लेखा-परीक्षा योजना को दल के दूसरे सदस्यों से चर्चा की आवश्यकता को लेकर चकित हैं। वह प्रश्न करते हैं कि ऐसी चर्चाएँ क्यों आवश्यक हैं ? **2**

(ii) बाद में Mr. Hardik को ज्ञात हुआ कि Ms. Poornima, जो कि लेखा-परीक्षा प्रबंधक हैं लेखा-परीक्षा योजना के कुछ घटकों को लेकर Amazing Ltd., के प्रबंधन से चर्चा करने का इरादा रखती हैं। वह यह मानते हैं कि यह अनावश्यक है क्योंकि क्लाइंट के साथ लेखा-परीक्षा योजना साझा करने से लेखा-परीक्षा प्रक्रियाओं का "आश्चर्यजनक तत्त्व" (Surprise element) खत्म हो जाएगा। **2**

उपरोक्त परिदृश्यों के संबंध में Mr. Hardik का मार्गदर्शन दीजिये।

6. (a) CA मिनी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये DFC bank Ltd., की शाखा विधिक लेखा परीक्षक नियुक्त हुई हैं। अग्रिमों की जाँच करते समय उन्होंने निम्न घटनाएँ देखी :

(i) JT Mills को दिया गया सावधि ऋण, जिसकी बकाया राशि ₹ 140 लाख है और प्रतिभूति का मूल्यांकन ₹ 80 लाख है, शाखा द्वारा संदिग्ध आस्तियों में (doubtful-category D1) (एक वर्ष के लिये संदिग्ध अस्ति) में वर्गीकृत किया गया है जिसके लिये ₹ 70 लाख का प्रावधान किया है। **3**

(ii) Z Pvt. Ltd. को दिया गया ऋण जिसकी बकाया राशि ₹ 65 लाख है और वास्तविक प्रतिभूति मूल्यांकन (अनुमोदित मूल्यकर्ता के अनुसार) ₹ 6 लाख है, शाखा द्वारा संदिग्ध आस्तियों में वर्गीकृत किया गया और संदिग्ध आस्तियों के अनुसार प्रावधान किया गया है। **2**

आप को देखना है कि क्या शाखा द्वारा दोनों घटनाओं के संदर्भ में, आय के चिह्निकरण, परिसंपत्ति वर्गीकरण और प्रावधानों को RBI के विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार किया गया है ।

(b) यामिका जो कि एक आर्टिकल क्लर्क हैं Durable bags Ltd. का लेखा-परीक्षण कर रही हैं । वह लेखा परीक्षा के दौरान आंतरिक लेखा परीक्षक के द्वारा किये कार्य को इस्तेमाल करना चाहती हैं, SA 610 "आंतरिक लेखा परीक्षकों के कार्य का उपयोग" के अनुसार उन परिस्थितियों को बताइये जब यामिका को आंतरिक लेखा कार्य का इस्तेमाल कम करने की योजना बनानी चाहिये और सीधे स्वयं अधिक कार्य करना चाहिये । 5

(c) सरकार के व्यय लेखा परीक्षा के "नियमों और आदेशों के विरुद्ध लेखा परीक्षा करते समय कार्यकारी अधिकारी ऐसे विभिन्न नियम, विनियम और आदेश बनाते हैं जो अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा पालित किये जाते हैं । लेखा परीक्षा का काम यह देखना है कि यह नियम, विनियम और आदेश अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा ठीक से लागू किया जाये" 4

कार्यकारी प्राधिकारियों द्वारा जारी इन नियमों, विनियमों और आदेशों की लेखा-परीक्षक द्वारा जाँच करते समय ध्यान रखने वाले महत्त्वपूर्ण बिंदु बताइये ।

**अथवा**

(c) वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंत में Sapphire Stones Ltd. के पास व्यावसायिक देनदारियाँ और अन्य वर्तमान देनदारियाँ क्रमशः ₹ 210 करोड़ तथा ₹ 58 करोड़ हैं । Mr. Amit यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि व्यावसायिक देनदारियाँ और अन्य वर्तमान देनदारियाँ जो कि चिट्ठे (Balance Sheet) में बताई गयी हैं, उचित प्रकार से मूल्यांकित की गई हैं । 4

Mr. Amit, द्वारा की जाने वाली लेखा परीक्षण प्रक्रियाएँ बताइये जो यह सुनिश्चित करेंगी कि व्यावसायिक देनदारियाँ और अन्य वर्तमान देनदारियाँ सही तरह से मूल्यांकित की गई हैं ।

# BZY2(H)

रोल नं. ............................

कुल प्रश्नों की संख्या – **6**

कुल पृष्ठ – **16**

अधिकतम अंक – **70**

## अभ्यर्थियों के लिए सामान्य निर्देश

1. प्रश्न-पत्र के दो भाग हैं, Part-I और Part-II.
2. Part-I में बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं ।
3. Part-II में वर्णनात्मक प्रकार के उत्तर की अपेक्षा वाले प्रश्न हैं ।
4. सुनिश्चित करें कि दोनों भागों से संबंधित प्रश्न-पत्र आपने प्राप्त किया है । यदि आपने दोनों भाग प्राप्त नहीं किये हैं तो निरीक्षक के ध्यान में लावें।
5. **Part-I के प्रश्नों के उत्तर केवल OMR उत्तर-पत्र पर चिहित करने हैं जो कि वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर दिया गया है । Part-II के प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका में लिखने हैं । बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका के भीतर लिखने पर उनका मूल्यांकन नहीं होगा ।**
6. OMR उत्तर-पत्र, जो कि वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर दिया गया है । सभी अभ्यर्थियों के लिए, हिंदी माध्यम के अभ्यर्थियों सहित, केवल अंग्रेजी में होगा ।
7. **उपस्थिति पंजीयक में दिया बार कोड स्टीकर केवल वर्णनात्मक प्रकार उत्तर-पुस्तिका पर लगाया जाएगा ।**
8. परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् ही आपको परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति होगी । यदि आपने समय से पूर्व पेपर पूर्ण कर लिया है तो भी परीक्षा की समाप्ति तक आपको अपनी सीट पर ही बैठना होगा ।
9. परीक्षा की अवधि 3 घंटे है । आपको परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् परीक्षा कक्ष छोड़ने के पूर्व निरीक्षक को वर्णनात्मक उत्तरों वाली उत्तर-पुस्तिका OMR मुख्य पृष्ठ सहित जमा कराना आवश्यक है ।
10. उपर्युक्त दर्शित सामग्री की प्राप्ति पर, निरीक्षक प्रवेश-पत्र के पृष्ठ 2 पर अभिस्वीकृति प्रदान करेगा ।
11. अभ्यर्थी नकल करते या किसी प्रकार की सहायता देते या प्राप्त करते या निरीक्षक के निर्देशों की अवज्ञा करते अथवा मोबाइल फोन या स्मार्ट वॉच या कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित/उपयोग करता हुआ पाया गया, तो परीक्षा से निष्कासित कर दिया जाएगा और इसके अतिरिक्त दंडात्मक कार्यवाही के लिए भी बाध्यकारी होगा ।

---

## PART – II

**70 अंक**

1. भाग–**II** में **6** प्रश्न हैं । प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है तथा शेष **5** प्रश्नों में से किन्हीं **4** का उत्तर देना है ।
2. कार्यशील टिप्पणियाँ उत्तर का भाग मानी जायेंगी ।
3. उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देने हैं । वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है, तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।